कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.02.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में
बसंत पंचमी एवं निराला जयंती

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रदर्शनात्मक विभाग एवं हिन्दी विभाग के द्वारा बसंत पंचमी तथा निराला जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ सरस्वती का पूजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में माँ सरस्वती के अवतरण एवं उनसे जुड़ी पौराणिक कथा का वृतांत बताया कि उन्हें वीणा वादिनी और वागेश्वरी की संज्ञा किस प्रकार दी गई। हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने महाप्राण पं. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के जीवन एवं उनके सरल व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

श्रीमती ज्योति भरणे ने कवि निराला की महान कृतियों पर चर्चा की। नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने माँ सरस्वती का नृत्य एवं संगीत से अभिन्न प्रेम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने निराला जी द्वारा लिखित वरदे वीणा वादिनी गीत का सुमधुर गान किया। वहीं नृत्य विभाग की छात्राओं- कु. निशा गुप्ता, उर्वशी निर्मल एवं मौसमी ने माँ सरस्वती को समर्पित गीत पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी।

हिन्दी विभाग की छात्रा कु. किरण सोनबेर, गीतांजली, लीना, दिव्या, जागेश्वरी, चांदनी एवं प्रेक्षा ने निराला जी पर विचार तथा कवितायें प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं डॉ. आरती सिंह राठौर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
गर्ल्स कॉलेज में
बसंत पंचमी एवं निराला जयंती